# RKSD COLLEGE, KAITHAL

( "A" Grade, NAAC Accredited)

Affiliated to Kurukshetra University Kurukshetra

## One-day Workshop on 'G Suite: A Cloud Computing Application' on March 20, 2024

One-day workshop organized by the Department of Computer Science on March 20, 2024titled 'G Suite: A Cloud Computing Application'. This workshop was extremely useful for first year students of Commerce Department.In this workshop, Chairman of Computer Department Prof. AnkitGarg taught students how to create accounts on G Suites and various applications such as saving their data on the cloud, create Google Forms, manage Google Docs and Google Sheets etc.Students participated in this workshop very much and increased their knowledge on cloud computing subject.The stage was conducted by Prof. PoojaGoyal.Evening session Principal inchargeDr. Harinder Gupta congratulated the computer department on successful event and encouraged to conduct such skill based workshops in future.At the end of the program,  Dr. Manoj Bansal told students about cloud computing's contribution to industry and companies and said the topic could also become the hymn of business today. Dr. Sunil Sheokand, Prof. Amandeep, Dr. Asha, Dr. Sanyogita Sharma, Dr. MeenuBhutani, Prof. NitikaGaba, Prof. Kush, Prof. Manish were present on this occasion. 51 students attended the workshop.



**विद्यार्थियों को गूगल शीट, डाटा फाइल की दी जानकारी**

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज सायंकालीन सत्र के विद्यार्थी वर्कशॉप में हिस्सा लेते हुए।

भास्कर न्यूज़ | कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के सायंकालीन सत्र के सभागार में कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला की, जिसका शीर्षक जी सूट एक क्लाउड कम्प्यूटिंग एप्लीकेशन रहा। यह कार्यशाला वाणिज्य विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी रही। कार्यशाला में कम्प्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यशाला के संयोजक प्रो अंकित गर्ग ने विद्यार्थियों को जी सूट पर अकाउंट बनाना और उसके विभिन्न एप्लीकेशन जैसे क्लाउड पर अपने डेटा को सेव करना, गूगल फॉर्म बनाना, गूगल डॉक्स, गूगल शीट, गूगल मीट, डाटा फाइल आदि का प्रबंध करना सिखाया। कार्यशाला में बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम जनरल, वोकेशनल के 80 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और क्लाउड कम्प्यूटिंग विषय में अपनी जानकारी की वृद्धि की। मंच का संचालन प्रो पूजा गोयल ने किया। सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंदर गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन आरवीएस एवं प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के मार्गदर्शन में संभव हो पा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज बंसल ने विद्यार्थियों को क्लाउड कम्प्यूटिंग का इंडस्ट्री और कंपनियों में योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. सुनील श्योकंद, प्रो. अमनदीप, डॉ. आशा, डॉ. संयोगिता शर्मा, डॉ. मीनू भूटानी, प्रो. नीतिका गाबा, प्रो. कुश, प्रो. मनीष उपस्थित रहे।



दैनिक सवेरा टाइम्स

**जी सूट एक क्लाउड कंप्यूटिंग एप्लीकेशन पर कार्यशाला संपन्न**

कार्शशाला में उपस्थित छात्र व स्टाफ। (सतीश भराड़ा)

सवेरा न्यूज/ प्रदीप हरित

कैथल, 20 मार्च : आरकेएसडी कॉलेज के सायंकालीन सत्र के सभागार में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक जी सूट एक क्लाउड कंप्यूटिंग एप्लीकेशन रहा। कार्यशाला में कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यशाला के संयोजक प्रो अंकित गर्ग ने विद्यार्थियों को जी सूट पर अकाउंट बनाना और उसके विभिन्न एप्लीकेशन जैसे की क्लाउड पर अपने डेटा को सेव करना, गूगल फॉर्म बनाना, गूगल डॉक्स, गूगल शीट, गूगल मीट, डाटा फाइल आदि का प्रबंध करना सिखाया। इस कार्यशाला में बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम जनरल, वोकेशनल के 80 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मंच का संचालन प्रो पूजा गोयल ने किया। सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कंप्यूटर साइंस विभाग को बधाई दी और भविष्य में इस तरह के कौशल आधारित कार्यशाला करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन आरवीएस एवम प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के मार्गदर्शन में ही संभव हो पा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ मनोज बंसल ने विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग का इंडस्ट्री और कंपनियों में योगदान के बारे में बताया और कहा कि यह विषय आज व्यवसाय का स्तोत्र भी बन सकता है। इस अवसर पर डॉ सुनील श्योकंद, प्रो अमनदीप, डॉ आशा, डॉ संयोगिता शर्मा, डॉ मीनू भूटानी, प्रो नीतिका गाबा, प्रो कुश, प्रो मनीष उपस्थित रहे।